**झारखण्ड सरकार,**
**कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।**

:: *संकल्प* ::

**विषय :– राज्य के प्रखण्ड/अंचलों में पदस्थापित झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पदाधिकारियों के युक्तिसंगत (Rational) पदस्थापन करने के संबंध में।**

झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पदाधिकारियों को प्रोन्नति के पश्चात प्रशासनिक दृष्टिकोण से उनके द्वारा धारित पद को उत्क्रमित करते हुये पदस्थापित किया जाता रहा है।

2. इन पदाधिकारियों को अपने वेतनमान/कोटि से निम्नतर कोटि के पदों पर पदस्थापित होने से उनके कार्यदक्षता एवं क्षमता का उचित संवर्धन नहीं हो पा रहा है। इन पदाधिकारियों को वरीयता के अनुकूल पदस्थापित नहीं किये जाने से विषम परिस्थिति उत्पन्न हुई है। इस परिस्थिति से राज्य सरकार को पदाधिकारियों के अनुभव का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

3. झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के अनुमण्डल पदाधिकारी एवं समकक्ष कोटि में अनुमण्डल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद चिन्हित हैं। इन पदों पर अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष कोटि के कतिपय पदाधिकारी पदस्थापित हैं, जिनके अपने समकक्ष पदों पर पदस्थापन के उपरांत अनुमण्डल पदाधिकारी एवं समकक्ष कोटि के पद रिक्त हो जायेंगे।

उक्त सभी पद प्रशासनिक दृष्टिकोण से अतिमहत्वपूर्ण है एवं सरकार के विकास एवं राजस्व कार्य के क्रियान्वयन में अहमियत रखते हैं। इन पदों पर अनुमण्डल पदाधिकारी एवं समकक्ष कोटि के पदाधिकारियों के पदस्थापन की नितांत आवश्यकता है।

4. ध्यातव्य हो कि झारखण्ड राज्य में कुल 271 प्रशासनिक इकाई है, जिसके अन्तर्गत कुल 264 प्रखण्ड एवं 268 अंचल चिन्हित है। उपरोक्त 271 प्रशासनिक इकाईयों में से वर्तमान में कुल 261 प्रशासनिक इकाईयों में अंचल अधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का पद चिन्हित है, जबकि एकल पद के कुल 7 अंचल एवं 3 प्रखण्ड अधिसूचित है।

5. वर्तमान में राज्य के प्रखण्ड एवं अंचलों में अनुमण्डल पदाधिकारी एवं समकक्ष कोटि के कुल 111 पदाधिकारी उत्क्रमित पद पर पदस्थापित हैं। इसके अतिरिक्त अंचलों में राजस्व सेवा के 67 पदाधिकारी पदस्थापित हैं।

6. अतएव वर्णित परिप्रेक्ष्य में उपरोक्त उत्पन्न स्थिति को व्यवस्थित करने हेतु पदाधिकारियों को उनके वेतनमान/कोटि के अनुरूप युक्तिसंगत (Rational) पदस्थापन किये जाने की आवश्यकता है।

7. वर्तमान में प्रखण्ड एवं अंचल में झा0प्र0से0 के मूल कोटि के 257 पदाधिकारी एवं राजस्व सेवा के 67 पदाधिकारी (कुल 324) पदस्थापित है।

– उपरोक्त परिदृश्य में अपने वेतनमान/कोटि से निम्नतर कोटि के पदों पर पदस्थापित पदाधिकारियों को अपने समकक्ष पद पर पदस्थापन करते हुए प्रखण्ड एवं अंचल में पदाधिकारियों का युक्तिसंगत (Rational) पदस्थापन किया जा सकता है।

8. उक्त के क्रियान्वयन हेतु 12 अथवा 12 से कम पंचायत वाले प्रखण्ड/अंचल को एकल पदस्थापन यथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अथवा अंचल अधिकारी हेतु चिन्हित किया जा सकता है। उपरोक्त आधार पर राज्य के कुल 271 प्रशासनिक इकाईयों में से 164 प्रशासनिक इकाईयों में दो पदाधिकारियों यथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी का पदस्थापन किया जा सकता है। साथ ही 53 प्रशासनिक इकाईयों में अंचल अधिकारी एवं 54 प्रशासनिक इकाईयों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के एकल पदस्थापन के लिए चिन्हित किया जा सकता है।

9. उपरोक्त परिदृश्य में अपने वेतनमान/कोटि से निम्नतर कोटि के पदों पर पदस्थापित पदाधिकारियों को अपने समकक्ष पद पर पदस्थापित करते हुए प्रखण्ड एवं अंचल में पदाधिकारियों के युक्तिसंगत (Rational) पदस्थापन के प्रस्ताव पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा क्रमवार तरीके से सम्पादित करते हुए नीतिगत सहमति प्रदान की गई है।

10. प्रस्तावित व्यवस्था को मूल कोटि के पदाधिकारियों की पर्याप्त उपलब्धता होने तक प्रभावी रखा जा सकता है।

11. तदनुसार वर्तमान में प्रखण्ड एवं अंचल में पदाधिकारियों का युक्तिसंगत (Rational) पदस्थापन हेतु विवरण परिशिष्ट के रूप में संलग्न है, जो निम्नवत है –

परिशिष्ट– I – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के पदस्थापन हेतु ।
परिशिष्ट– II – अंचल अधिकारी के पदस्थापन हेतु।
परिशिष्ट– III – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पदस्थापन हेतु ।

12. मंत्रिपरिषद की दिनांक 02.07.2026 की बैठक में मद संख्या– 06 के अन्तर्गत प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई है।

**आदेश : आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को झारखण्ड राजपत्र के असाधारण अंक में सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाय और इसकी प्रतियां सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को भेजी जाय।**

विश्वासभाजन,
13/07/26
(प्रवीण कुमार टोप्पो)
**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक–02/स्था0पद0–02–05/2025 का0 4500/ राँची, दिनांक 13 जुलाई, 2026

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, ई–गजट कार्मिक, प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/07/26
**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक–02/स्था0पद0–02–05/2025 का0 4500/ राँची, दिनांक 13 जुलाई, 2026

प्रतिलिपि– अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को राजकीय गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

13/07/26
**सरकार के सचिव।**

ज्ञापांक–02/स्था0पद0–02–05/2025 का0 4500/ राँची, दिनांक 13 जुलाई, 2026

प्रतिलिपि– माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव, झारखण्ड, राँची/माननीय मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, झारखण्ड, राँची/संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, झारखण्ड, राँची/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, कार्मिक, प्र0सु0 तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान महालेखाकार, झारखण्ड, राँची/सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/07/26
**सरकार के सचिव।**

**परिशिष्ट– I** – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के पदस्थापन हेतु

| जिला | क्र0 | प्रखण्ड एवं अंचल |
|---|---|---|
| 1. राँची | 1. | कांके |
| | 2. | नामकुम |
| | 3. | रातू |
| | 4. | चान्हो |
| | 5. | ओरमांझी |
| | 6. | सोनाहातू |
| | 7. | बुढ़मू |
| | 8. | तमाड़ |
| | 9. | बेड़ो |
| | 10. | सिल्ली |
| | 11. | माण्डर |
| | 12. | अनगड़ा |
| | 13. | खलारी |
| | 14. | नगड़ी |
| 2. खूँटी | 15. | तोरपा |
| | 16. | मुरहू |
| | 17. | कर्रा |
| | 18. | **रनिया** |
| | 19. | अड़की |
| 3. गुमला | 20. | गुमला सदर |
| | 21. | रायडीह |
| | 22. | घाघरा |
| | 23. | सिसई |
| | 24. | बसिया |
| | 25. | पालकोट |
| 4. सिमडेगा | 26. | बानो |
| | 27. | ठेठईटांगर |
| 5. लोहरदगा | 28. | कुडू |
| 6. प0 सिंहभूम चाईबासा | 29. | चाईबासा सदर |
| | 30. | जगन्नाथपुर |
| | 31. | चक्रधरपुर |
| | 32. | मनोहरपुर |
| | 33. | नोवामुंडी |
| | 34. | खूँटपानी |
| | 35. | बंदगाँव |
| 7. सरायकेला–खरसाँवा | 36. | सरायकेला |
| | 37. | ईचागढ़ |
| | 38. | नीमडीह |
| | 39. | राजनगर गोबिन्दपुर |
| | 40. | गम्हरिया |
| | 41. | चाण्डिल |
| | 42. | खरसावाँ |

| जिला | क्र0 | प्रखण्ड एवं अंचल |
|---|---|---|
| 8. पू0 सिंहभूम, जमशेदपुर | 43. | चाकुलिया |
| | 44. | पोटका |
| | 45. | पटमदा |
| | 46. | घाटशिला |
| | 47. | बहरागोड़ा |
| | 48. | मुसाबनी |
| 9. हजारीबाग | 49. | हजारीबाग |
| | 50. | कटकमसांडी |
| | 51. | बड़कागांव |
| | 52. | बरही |
| | 53. | विष्णुगढ़ |
| | 54. | केरेडारी |
| | 55. | *चौपारण* |
| | 56. | ईचाक |
| | 57. | बरकटठ्ा |
| | 58. | डांडी |
| 10. रामगढ़ | 59. | माण्डू |
| | 60. | गोला |
| | 61. | पतरातू |
| | 62. | चितरपुर |
| 11. कोडरमा | 63. | कोडरमा |
| | 64. | जयनगर |
| | 65. | चंदवारा |
| | 66. | सतगांवा |
| | 67. | मरकच्चो |
| | 68. | डोमचांच |
| 12. चतरा | 69. | चतरा |
| | 70. | टंडवा |
| | 71. | शालिग्राम– नारायणपुर (हंटरगंज) |
| | 72. | सिमरिया |
| | 73. | प्रतापपुर |
| 13. धनबाद | 74. | गोविन्दपुर |
| | 75. | निरसा |
| | 76. | बलियापुर |
| | 77. | बाघमारा |
| | 78. | तोपचांची |
| | 79. | टुंडी |
| | 80. | कलियासोल |
| | 81. | एग्यारकुंड |
| 14. बोकारो | 82. | चास |
| | 83. | चंदनकियारी |
| | 84. | बेरमो |
| | 85. | कसमार |

| जिला | क्र0 | प्रखण्ड एवं अंचल |
|---|---|---|
| | 86. | जरीडीह |
| | 87. | पेटरवार |
| | 88. | गोमिया |
| | 89. | चन्द्रपुरा |
| | 90. | नावाडीह |
| 15. गिरिडीह | 91. | गिरिडीह |
| | 92. | डुमरी |
| | 93. | बगोदर |
| | 94. | धनवार |
| | 95. | सरिया |
| | 96. | जमुआ |
| | 97. | गाण्डेय |
| | 98. | पीरटाड़ |
| | 99. | बेंगावाद |
| | 100. | तीसरी |
| | 101. | बिरनी |
| | 102. | गाँवा |
| | 103. | देवरी |
| 16. पलामू | 104. | मेदिनीनगर |
| | 105. | चैनपुर |
| | 106. | हुसैनाबाद |
| | 107. | पांकी |
| | 108. | छत्तरपुर |
| | 109. | पाटन |
| | 110. | तरहसी |
| 17. लातेहार | 111. | लातेहार |
| | 112. | मनिका |
| | 113. | चंदवा |
| | 114. | बालूमाथ |
| | 115. | महुआडांड |
| | 116. | बरवाडीह |
| 18. गढ़वा | 117. | गढ़वा |
| | 118. | रंका |
| | 119. | मेराल |
| | 120. | कांडी |
| 19. दुमका | 121. | दुमका |
| | 122. | जामा |
| | 123. | जरमुंडी |
| | 124. | रामगढ़ |
| | 125. | सरैयाहाट |
| | 126. | शिकारीपाड़ा |
| | 127. | रानेश्वर |
| | 128. | मसलिया |

| जिला | क्र0 | प्रखण्ड एवं अंचल |
|---|---|---|
| 20. जामताड़ा | 129. | जामताड़ा |
| | 130. | नाला |
| | 131. | करमाटांड विद्यासागर |
| | 132. | नारायणपुर |
| | 133. | कुंडहित |
| | 134. | फतेहपुर |
| 21. देवघर | 135. | देवघर सदर |
| | 136. | मोहनपुर |
| | 137. | मधुपुर |
| | 138. | सारवाँ |
| | 139. | देवीपुर |
| | 140. | पालोजोरी |
| | 141. | मारगोमुंडा |
| | 142. | सारठ |
| | 143. | करौं |
| 22. गोड्डा | 144. | गोड्डा |
| | 145. | पत्थरगामा |
| | 146. | महागामा |
| | 147. | मेहरमा |
| | 148. | पोडैयाहाट |
| | 149. | ठाकुरगंगटी |
| | 150. | बोआरीजोर |
| | 151. | सुन्दरपहाड़ी |
| | 152. | बसंतराय |
| 23. पाकुड़ | 153. | पाकुड़ |
| | 154. | महेशपुर |
| | 155. | हिरणपुर |
| | 156. | लिट्टिपाड़ा |
| | 157. | पाकुड़िया |
| 24. साहेबगंज | 158. | बरहेट |
| | 159. | बरहरवा |
| | 160. | उधवा |
| | 161. | राजमहल |
| | 162. | बोरियो |
| | 163. | तालझारी |
| | 164. | पतना |

**परिशिष्ट– II** – अंचल अधिकारी के पदस्थापन हेतु

| जिला | क्र0 | अंचल |
|---|---|---|
| 1. राँची | 1. | राँची शहर |
| | 2. | अरगोड़ा |
| | 3. | बड़गाई |
| | 4. | हेहल |
| | 5. | बुण्डू |
| | 6. | ईटकी |
| | 7. | लापुंग |
| | 8. | राहे |
| 2. खूँटी | 9. | खूँटी सदर |
| 3. गुमला | 10. | भरनो |
| | 11. | विशुनपुर |
| 4. सिमडेगा | 12. | सिमडेगा सदर |
| | 13. | कोलेबीरा |
| | 14. | बोलवा |
| 5. लोहरदगा | 15. | लोहरदगा सदर |
| | 16. | सेन्हा |
| | 17. | पेशरार |
| 6. प0 सिंहभूम चाईबासा | 18. | झींकपानी |
| | 19. | मंझगांव |
| | 20. | मंझारी |
| | 21. | कुमारडुंगी |
| | 22. | हाटगम्हरिया |
| 7. पू0 सिंहभूम, जमशेदपुर | 23. | जमशेदपुर |
| | 24. | धालभूमगढ़ |
| | 25. | मानगो |
| | 26. | डुमरिया |
| | 27. | गुड़ाबांदा |
| 8. हजारीबाग | 28. | कटकमदाग |
| | 29. | पदमा |
| | 30. | टाटीझारिया |
| 9. रामगढ़ | 31. | रामगढ़ |
| 10. चतरा | 32. | ईंटखोरी |
| | 33. | लावालौंग |
| | 34. | कान्हाचट्टी |
| 11. धनबाद | 35. | धनबाद |
| | 36. | झरिया |
| | 37. | पुटकी |
| | 38. | पूर्वी टुंडी |
| 12. साहेबगंज | 39. | साहेबगंज |
| | 40. | मण्डरो |
| 13. पलामू | 41. | नौडीहा बाजार/नावाडीह |

| जिला | क्र0 | अंचल |
|---|---|---|
| | 42. | विश्रामपुर |
| | 43. | सतबरवाँ |
| 14. लातेहार | 44. | गारू |
| | 45. | बारीयातु |
| 15. गढ़वा | 46. | भवनाथपुर |
| | 47. | नगरउंटारी |
| | 48. | भंडरिया |
| | 49. | खरौन्धी |
| | 50. | केतार |
| | 51. | रमना |
| 16. दुमका | 52. | काठिकुंड |
| 17. पाकुड़ | 53. | अमरापाड़ा |

**परिशिष्ट– III – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पदस्थापन हेतु**

| जिला | क्र0 | प्रखण्ड |
|---|---|---|
| 1. गुमला | 1. | चैनपुर |
| | 2. | डुमरी |
| | 3. | कामडारा |
| | 4. | अलबर्टएक्का |
| 2. सिमडेगा | 5. | कुरडेग |
| | 6. | जलडेगा |
| | 7. | पाकरटांड़ |
| | 8. | बांसजोर |
| | 9. | केरसई |
| 3. लोहरदगा | 10. | किस्को |
| | 11. | कैरो |
| | 12. | भण्डरा |
| 4. प0 सिंहभूम चाईबासा | 13. | तांतनगर |
| | 14. | टोन्टो |
| | 15. | गोईलकेरा |
| | 16. | सोनुआ |
| | 17. | आनन्दपुर |
| | 18. | गुदड़ी |
| 5. सरायकेला–खरसाँवा | 19. | कुचाई |
| | 20. | कुकडु |
| 6. पू0 सिंहभूम, जमशेदपुर | 21. | बोड़ाम |
| 7. हजारीबाग | 22. | चुरचू |
| | 23. | दारू |
| | 24. | चलकुशा |
| 8. रामगढ़ | 25. | दुलमी |
| 9. चतरा | 26. | पत्थलगडा |
| | 27. | कुंदा |
| | 28. | गिद्धौर |
| | 29. | मयुरहंड |
| 10. पलामू | 30. | हरिहरगंज |
| | 31. | मनातु |
| | 32. | निलाम्बरपुर–पीताम्बरपुर |
| | 33. | नावाबाजार |
| | 34. | पीपरा |
| | 35. | पड़वा |
| | 36. | उंटारीरोड |
| | 37. | मोहम्मदगंज |
| | 38. | पांडु |

| जिला | क्र0 | प्रखण्ड |
|---|---|---|
| | 39. | हैदरनगर |
| | 40. | रामगढ़ |
| 11. लातेहार | 41. | हेरहंज |
| | 42. | सरयू |
| 12. गढ़वा | 43. | मझिआंव |
| | 44. | रमकंडा |
| | 45. | चिनियां |
| | 46. | डंडई |
| | 47. | धुरकी |
| | 48. | बरडीहा |
| | 49. | विशुनपुरा |
| | 50. | डंडा |
| | 51. | संगमा |
| | 52. | बड़गड़ |
| 13. दुमका | 53. | गोपीकांदर |
| 14. देवघर | 54. | सोनारायठाढ़ी |